
# कोहरे की चादर में लिपटा रहा शहर, सर्द हवाओं ने कंपकंपाया

## अलाव और गर्म कपड़ों के सहारे गुजारा दिन, जगह-जगह अलाव जले



**शाजापुर, 2 जनवरी. नए साल के दूसरे दिन फिर मौसम ने करवट बदली और लोगों को ठिठुरना पड़ा, जबकि संभावना सर्दी कम होने की थी, लेकिन अचानक आए बदलाव ने मौसम को पूरी तरह सर्द कर दिया. इस दिन नगर में दिनभर कोहरा छाया रहा, जिससे लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ा. मौसम विभाग की मानें तो अब 3 दिन व रात तापमान कम ही रहेगा. साथ ही घना कोहरा भी छाया रहेगा.**

कुछ दिन पहले भी सर्दी का पारा बढ़ने के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी थी. तब संभावना थी कि कुछ दिनों तक सर्दी से राहत रहेगी. उम्मीद के अनुसार तापमान में बढ़ोत्तरी भी हुई, लेकिन गुरुवार की रात से मौसम ने फिर करवट ली और ठंडी हवाओं ने शहर को अपने आगोश में ले लिया. जिसके बाद शुक्रवार सुबह से आसमान पर घना कोहरा छा गया, जिससे लोगों को वाहन चलाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा. वहीं ठंडी हवाओं के चलते लोगों को दिनभर अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि कोहरा छाने से मौसम फिर सर्द हुआ है और आगामी 3 दिन व रात तक मौसम में खास परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है. मौसम ऐसा ही बना रहेगा और कोहरा छाया रहेगा.

**नलखेड़ा में पेड़-पौधों पर जमी ओंस की बूंदे....**

नए साल के दूसरे दिन नगर सहित क्षेत्र के कई हिस्सों में मौसम ने कड़ाके की ठंड बिखेरी है. उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में घने कोहरे और शीतलहर का असर देखने को मिल रहा है.तो कहीं बर्फबारी और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है. नगर सहित क्षेत्र में घना सुबह कोहरा छाया रहा, पत्तों से ओस की बूंदे टपकती रहीं. लेकिन ठंड का अहसास कम नहीं हुआ. दिनभर ठंडी और बर्फीली हवाएं चलती रहीं. ठिठुरा देने वाला मौसम जिलेभर में रहा. दरअसल, घने कोहरे के बीच करीब सौ मीटर दृश्यता रही. बेहद कम दृश्यता होने की वजह से हाईवे पर वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा. मौसम खराब व कोहरा ठंडी हवाएं चलती रही नगर में लोगों के द्वारा ठंड से बचने के लिए ताप का सहारा लिया गया. दिन भर मौसम नहीं खुला. ठंड ने आम जनजीवन खासा प्रभावित किया है. इसके चलते अलाव ही सहारा बने हुए हैं. सुबह से लेकर दिनभर और रात में भी जगह-जगह प्रमुख चौराहों पर अलाव लगे हुए हैं. उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं से क्षेत्र में जोरदार ठंड पड़ रही है. नगर के लोग भी अपने घर के बाहर ठंड से राहत पाने के लिए आग जलाकर तापते हुए नजर आ रहे हैं. वैज्ञानिकों के द्वारा आगामी दिनों में ठंडक और भी बढ़ने वाली है. पूरे जनवरी माह में ठंड का तेज असर रहने वाला है, जिसके चलते बर्फीली हवाएं चल रही हैं. कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा अलग-अलग एडवाइजरी जारी की गई है. यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की. साथ ही प्रबंधन के लिए दल भी गठित किया गया है

**खाने-पीने की वस्तुओं में बदलाव**

तेज होती ठंह में लोग अपने खाने-पीने की वस्तुओं में भी बदलाव ला रहे हैं. शहर में में गजक, गजक, पिंड खजूर, दूध-जलेची आदि की दुकान पर भीड़ देखने को मिल रही है. ठंड में मीठी व सौंधी गजक काफी पसंद की जाती है. ग्राहकों को लुभाने के लिए व्यापारी भी कई वैरावटी में गजक बनाते हैं.साथ ही गजक के साथ ड्रायफ्रूट, चॉकलेट व केसर-पिस्ता गजक, मूंगफली चक्की, लच्छा, तिल की चट्टी व लड्डू भी बाजार में उपलब्ध हैं. गजक, गराड़ू, ड्रायफ्रूट की डिमांड होने लगी है. वहीं जलेबी और केसर दूध की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जमने लगी है.



**गेहूं, चने की फसलों को फायदा**

वहीं रात में ओस गिरने से खेतों सहित बाग बगीचों आदि में नमी रही. कस्बे सहित क्षेत्र के किसानों ने बताया कि मौसम में नमी के कारण सरसों, गेहूं, चने की फसलों को कहीं अधिक फायदा हुआ है, तो इस कोहरे के ज्यादा गिरने के कारण नुकसान भी है. मौसम खुलने के बाद ठंड और ज्यादा गिरेगी, अभी ठंडी हवा चलते रहने से ठिठुरन बढ़ गई है.

**स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने जारी की एडवाइजरी**

स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक अधिकारी विजय यादव ने बताया कि ठंड और कोहरे से बचने के लिए गर्म कपड़े, मफलर, टोपी और दस्ताने पहनें, चाय, सूप या गर्म पानी का सेवन करें, ताकि शरीर का तापमान सामान्य बना रहे. घर के अंदर वेंटिलेशन सही रखें और वायु शुद्धिकरण उपकरण का उपयोग करें, चिकित्सक के निर्देशों का पालन करें, कोहरा आमतौर पर सुबह जल्दी और देर रात को अधिक घना होता है. अनावश्यक यात्रा से बचें, सड़क पर पैदल चलते समय प्रतिबिंबित कपड़े या जैकेट पहनें, ताकि वाहन चालक आपको देख सकें, घर में हीटर का उपयोग करते समय वेंटिलेशन का ध्यान रखें, ताकि दम घुटने की संभावना न हो.

**पुलिस विभाग के द्वारा भी एडवाइजरी**

वाहनों को लेकर यातायात विभाग के द्वारा एडवाइजरी जारी की, जिसमें बताया कि सर्दियों के मौसम में घना कोहरा आम बात है. यह दृश्यता को कम कर देता है और सड़क यातायात के लिए चुनौती बन जाता है. कोहरे के दौरान सतर्कता और कुछ सावधानियां बरतने से दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है. वाहन चालक धीमी गति से चलाएं, वाहन में फॉग लाइट और लो बीम हेडलाइट का इस्तेमाल करें, ताकि सड़क पर साफ देख सकें. अचानक ब्रेक लगाने की जरूरत पड़ सकती है, इसलिए वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी रखें, ध्वनि संकेत देकर अन्य वाहनों को अपनी उपस्थिति के बारे में सूचित करें. यदि दृश्यता बेहद कम हो जाए, तो सड़क किनारे सुरक्षित जगह पर रुक जाएं.

### शाम तक दिखा घाटी सा नजारा...

गुरुवार रात से ही मौसम परिवर्तन के आसार शीतलहर के रूप में दिखाई देने लगे थे. इसके बाद शुक्रवार सुबह जब लोगो की नींद खुली, तो उनके सामने घना कोहरा छाया हुआ था. हालात ये थे कि सुबह 9 बजे तक भी 50 मीटर तक देख पाना भी मुश्किल हो रहा था. जिससे नगर में दिनभर घाटी सा नजारा दिखाई देने लगा. हालांकि दोपहर में कुछ समय के लिए मौसम जरूर खुला और धूप खिली, लेकिन हवाओं के साथ एक बार फिर कोहरे ने शहर में डेरा डाल दिया, जिससे शाम 4 बजे तक भी नगर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाने लगा, जिसके चलते लोगों को दिन में भी अलाव का सहारा लेना पड़ा.

### 4 डिग्री लुढ़का दिन का तापमान, रात का बढ़ा...

कोहरे की वजह से सर्द हुए मौसम ने सभी को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है. सर्दी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक दिन पहले अधिकतम तापमान 27.9 था, जो शुक्रवार को घटकर 23.7 दर्ज किया गया. जबकि रात के तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है, जो 11 डिग्री से बढ़कर 13.4 डिग्री तक पहुंच गया. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी तीन दिन व रात मौसम ऐसा ही बना रहेगा.

## एक नजर में

### छात्राओं को साइकिल का वितरण किया

**नलखेड़ा, 2 जनवरी.** सांदीपनि विद्यालयमें भारतीय स्टेट बैंक नलखेड़ा शाखा द्वारा सीएसआर एक्टिविटी के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद 14 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा मनोज नामदेव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्रीमती चंदनबाला फाफरिया एवं प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक उज्जैन श्रीमती रचना गौर, मुख्य प्रबंधक आगर मालवा रविकांत, प्रबंधक मानव संसाधन कोक सिंह मेहरोत्रा, अन्य अधिकारीगण, वीरेंद्र, आशुतोष श्रीवास्तव, भारतीय स्टेट बैंक नलखेड़ा के शाखा प्रबंधक राजकुमार बैरागी, शिक्षक मुकेश चौरसिया, मंगलेश भाटी, संजय वेदिया उपस्थित थे. कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान किए. संचालन मुकेश चौरसिया ने किया.

### धार्मिक स्थल क्षतिग्रस्त, बंजारा समाजजनों ने जताई नाराजगी



**शाजापुर, 2 जनवरी.** जिले के ग्राम बक्सूखेड़ी में शुक्रवार सुबह माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया, जब कुछ असामाजिक तत्वों ने एक धार्मिक स्थल के चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर दिया. ग्रामीण जब शुक्रवार सुबह धार्मिक स्थल पर पहुंचे, तो वहां का ढांचा टूटा हुआ मिला. देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और घटना को लेकर अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की. सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया. कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों ने चबूतरे को नुकसान पहुंचाया है. पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि दोषियों को जल्द पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**बंजारा समाज के लिए आस्था का केंद्र**

यह धार्मिक स्थल बंजारा समाज के लिए खास है. समाज के लोग रूप सिंह जी महाराज को अपना कुलदेवता और आराध्य देव मानते हैं. उनके वंश, इतिहास और पुण्य स्मृति से जुड़े कार्यक्रम समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का एक अहम हिस्सा है, जिस कारण इस घटना से समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है.

### सांसद खेल महोत्सव के लिए बैठक 7 जनवरी को

**शाजापुर, 2 जनवरी.** देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए सांसद सोलंकी की अध्यक्षता में 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया जा रहा है.

### अपराधिक गतिविधियों में लिप्त सन्नी उर्फसनी जिला बदर

**शाजापुर, 2 जनवरी.** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थाना शुजालपुर सिटी रायकनपुरा निवासी 25 वर्षीय सन्नी उर्फसनी पिता रवि लोट को एक वर्ष के लिए जिला बदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने निष्कासन आदेश जारी करते हुए आदेशित किया है कि वह प्रतिबंधित अवधि में बिना पूर्व अनुमति के उक्त क्षेत्रों में प्रवेश न करें.

### मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्टार्टअप को प्रति माह 10 हजार रूपये तक की सहायता

**शाजापुर, 2 जनवरी.** मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 24 फरवरी के बाद स्थापित होने वाले पात्र स्टार्टअप को मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 अंतर्गत 10000 रूपये प्रतिमाह की दर से 12 माह तक सहायता दी जा रही है. साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में पात्र स्टार्टअप को बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 58 का ब्याज अनुदान एवं 15 प्रतिशत अधिकतम 15 लाख रूपये तक की सहायता दी जा रही है. उक्त सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, दुपाड़ा रोड शाजापुर में संपर्क सूत्र प्रबंधक रोहित डावर एवं सुरेन्द्रसिंह मालवीय सहायक प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है. जिला व्यापार एवं उद्योग महाप्रबंधक नवीन शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 11 एवं 12 जनवरी को रविन्द्र भवन भोपाल में मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड कार्यक्रम किया जा रहा है.

# आंगनवाडी केन्द्रों में ईसीसीई गतिविधियों को ट्रेकर अनुसार संचालित करें : कलेक्टर

## जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक संपन्न

**शाजापुर, 2 जनवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर सुश्री बाफना ने आंगनवाडी केन्द्रों में ईसीसीई गतिविधियों को जिले में तैयार किए गए ट्रेकर अनुसार संचालित करने एवं जिले द्वारा किये जा रहे नवाचार घर में पकाएंगे.घर का खायेंगे का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने जन अभियान परिषद् के माध्यम से ग्राम स्तर पर नवाचार घर में पकाएंगे. घर का खाएंगे का क्रियान्वयन** करने के निर्देश भी दिए.




कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिए कि आंगनवाडी केन्द्रों में बनी पोषण वाटिका की नियमित देखरेख एवं समय समय पर भ्रमण कर आकस्मिक निरीक्षण भी करें. इस दौरान उन्होंने अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों को 26 जनवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन यंत्री को दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने पोषण पुर्नवास केन्द्र शाजापुर एवं शुजालपुर में बच्चों को भर्ती कराए जाने की विस्तारपूर्वक समीक्षा की. इस दौरान कलेक्टर ने दस्तक अभियान में ऐसे बच्चे जो स्वास्थ्य के गंभीर मामलों के मेडिकल कॉम्पलीकेटेड बच्चों की सूची स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर तैयार तैयार करने एवं बच्चो के माता पिता को समझाइश देकर बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने तथा मेम बच्चों के परिजनों को स्वास्थ्य एवं डाईट से संबंधी परामर्श के लिए आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए. साथ ही नियमित रूप से 0 से 6 वर्ष के बच्चो के वजन एवं ऊंचाई के मापने, गर्म पका भोजन प्रदाय करने, टेक होम राशन की पोषण ट्रेकर पर की गई प्रविष्टियां करने आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई. इस दौरान कलेक्टर ने उत्कृष्ट ईसीसीई गतिविधि करने वाली 06 आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाइन, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण के कार्यो की समीक्षा कर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान की जानकारी प्राप्त की. साथ ही कलेक्टर ने स्टेकहोल्डर्स के समय समय पर उन्मुखीकरण के निर्देश संबंधितों को दिये. बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने नारी सशक्तिकरण मिशन समिति की समीक्षा कर समस्त जिला अधिकारियो को नारी स्वावलंबन, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए.

बैठक में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत जिले में संचालित सशक्त वाहिनी की कक्षाओ में दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं तैयारीयों के लिए पुलिस विभाग की ओर से बालिकाओ को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. इस दौरान उक्त योजना अंतर्गत चल रही गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई.

# नगर पालिका दल ने विभिन्न वार्डों में पानी सप्लाई का किया निरीक्षण

**शाजापुर, 2 जनवरी. शाजापुर में गंदे पानी की शिकायत का समाचार पत्र में प्रकाशित खबर मिलने बाद शाजापुर नगर पालिका के दल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर पानी सप्लाई के समय निरीक्षण किया गया.**

सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि निरीक्षण के दौरान देखा गया कि वार्ड नंबर 26 में साफ पानी आ रहा था. दिलोद रोड पर नल कनेक्शन नाली में टूटा पाया गया, जिसे ठीक किया गया. वार्ड क्रमांक 19 नाग नागिन रोड पर चार कनेक्शन नाली में टूटे पाए गए, जिन्हें बंद किए गए. वार्ड क्रमांक 2 आदर्श कॉलोनी गली नंबर 5 में गंदे पानी की शिकायत लंबे समय से चली आ रही थी, उसे विगत दिनों दूर किया गया. सीएमओ दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में जहां जहां भी शिकायत आ रही है सप्लाई के समय निरीक्षण कर उसका समाधान किया जाएगा.

**भारत पर्व व व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त- शाजापुर,** लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की संध्या को जिला मुख्यालय पर मनाया जाएगा.लोकतंत्र के उत्सव के रुप में आयोजित भारत पर्व के प्रभावी आयोजन में स्थानीय एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद पंचायत शाजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री नेहा गंगारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.

# मादक पदार्थ तस्करों को 12-12 साल की कठोर सजा

## 2023 के एक मामले में न्यायालय ने कारावास एवं अर्थदंड से किया दंडित

**सोयतकलां, 2 जनवरी. पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध निरंतर कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. साथ ही ऐसे मामलों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय से कठोर दंड दिलाने के स्पष्ट निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं.**




इन्हीं निर्देशों के पालन में थाना सोयतकलां पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में पंजीबद्ध एक प्रकरण में प्रभावी विवेचना एवं सशक्त अभियोजन के परिणामस्वरूप आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाई गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई 2023 को थाना सोयतकलां क्षेत्र में मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा माचलपुर रोड स्थित राजेन्द्र कारपेंटर की बंद होटल के सामने घेराबंदी कर एक सिंदूरी रंग के ट्रक को रोका गया. तलाशी के दौरान ट्रक के केबिन के ऊपर रखी दो प्लास्टिक की बोरियों से कुल 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया. उक्त कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पूर्णत: पालन करते हुए पंचों की उपस्थिति में की गई. मौके से ट्रक सहित मादक पदार्थ जब्त कर थाना सोयतकलां में अपराध क्रमांक 217/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

### आरोपियों व न्यायालय से प्राप्त सजा का विवरण

प्रकरण में आरोपी आशीष शर्मा निवासी चाचाखेड़ी, थाना कानड़ तथा इसराइल निवासी सुकेत, जिला कोटा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया. प्रकरण की सुनवाई माननीय विशेष न्यायालय एनडीपीएस मधुसूदन जंघेल द्वारा की गई. न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है. शासन की ओर से इस प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक अशोक गवली द्वारा प्रभावी पैरवी की गई. इस प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही के दौरान आरक्षक महेश परमार की भूमिका सराहनीय रही. जिनके द्वारा प्रकरण की सुदृढ़ प्रस्तुति एवं समन्वय में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया.

## एक नजर में — कृषि महाविद्यालय इंदौर के अधिष्ठाता ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया निरीक्षण

# कृषि वैज्ञानिक खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए हमेंशा किसानों के संपर्क में रहें

**शाजापुर, 2 जनवरी. कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि महाविद्यालय इंदौर के अधिष्ठाता डॉ. भरत सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया. इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता द्वारा केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं केन्द्र द्वारा कृषकों के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की.**



उन्होंने जिले मे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु अच्छी नस्ल के गाय, भैंस एव बकरी रखने के लिए बकरी पालन एवं पशु प्रबंधन की जानकारी दी. साथ ही उन्होने रावे छात्रो को भी मार्गदर्शन प्रदान किया. कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा अधिष्ठाता डॉ. भरत सिंह के व्यक्तित्व के बारे में छात्रों को बताया एवं उन्हें सरल, सहज एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण बताया.

### खेती की उन्नत कृषि तकनीक कृषकों तक पहुंचाए

अधिष्ठाता डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन मे अधिष्ठाता द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न प्रदर्शन इकाईयों ( पोषण वाटिका, क्राप कैफेटेरिया, प्रक्षेत्र एवं औषधीय उद्यान ), कृषि पक्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी वैज्ञानिक खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु उन्नत कृषि तकनीक, माईक्रो इरीगेशन जैसे स्प्रिंकलर एवं ड्रिप, पोषण वाटिका एवं औषधीय उद्यान, नरवाई प्रबंधन, रबी फसलों में कीट प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की उन्नत कृषि तकनीक कृषकों तक पहुंचाएं. इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव प्रमुख डॉ. जी.आर अम्बावतिया, डॉ. एसएस धाकड, डॉ. गायत्री वर्मा डॉ. मुकेश सिंह, डॉ. डीके तिवारी, रत्नेष विश्वकर्मा एवं हितेन्द्र सिंह इंदौरिया के साथ साथ कृषि महाविद्यालय सीहोर से प्रशिक्षण के लिए आए हुए रावे छात्र उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसएस धाकड़ ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. गायत्री वर्मा ने माना.